# SAMACHARIKA (2023-24)

## FROM 01 APRIL 2023 TO 30 JUNE2023

# APRIL 2023

**GUEST LECTURE ORG. ON CYBER CRIME (03.04.2023)**



Back MEERUT 04 APRIL 20...

## साइबर सुरक्षा विषय पर हुआ व्याख्यान

**जानकारी**

- **छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर दी महत्वपूर्ण जानकारी**

मेरठ, लोकसत्य।

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में साइबर स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में साइबर सुरक्षा विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.(डॉ). अंजू सिंह के निर्देशन में साइबर स्वास्थ्य समिति संयोजक लैप्रो॰(डॉ.)लता कुमार एवं डॉ शालिनी सिंह द्वारा आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता सिद्धार्थ कुमार,साइबर सिक्योरिटी प्रोफ़ेशनल(टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) ने साइबर सुरक्षा को परिभाषित करते हुए बताया कि कंप्यूटर,सर्वर,मोबाइल नेटवर्क और डेटा का साइबर अपराधियों के हमलों से बचाव ही साइबर सुरक्षा है।

साइबर अपराध पर विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के तीन स्तम्भ (सी-आई-ए)अर्थात सूचना की गोपनीयता,अखंडता एवं उपलब्धता को आधार मानते हुए अपने डेटा को सुरक्षित रखने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और कहा हमें अपना पासवर्ड जटिल रखना चाहिए तथा प्रत्येक छः माह में उसको बदल लेना चाहिए। साइबर अपराध नियंत्रण हेतु अधिनियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए साइबर सुरक्षा से संबंधित उनके ज्ञान को संवर्धित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.(डॉ). अंजू सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइबर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने से ही हम साइबर अपराध पर नियंत्रण पा सकते है।समिति संयोजक लैप्रो॰(डॉ.)लता कुमार ने छात्राओं को महाविद्यालय की अन्य छात्राओं अपने परिवार और समुदाय के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की आयोजक डॉ शालिनी वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समिति सदस्य डॉ ऋचा राणा एवं डॉ शाहिदा परवीन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रो अनुजा गर्ग,डॉ कुमकुम,डॉ गौरी आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

# छात्राओं को पढ़ाया साइबर क्राइम से बचने का पाठ



शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सिद्धार्थ कुमार। अमर उजाला

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज में साइबर स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज साइबर सिक्योरिटी से प्रोफेशनल सिद्धार्थ कुमार रहे। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर, सर्वर, मोबाइल नेटवर्क और डेटा का साइबर अपराधियों के हमलों से बचाव ही साइबर सुरक्षा है।

उन्होंने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के तीन स्तम्भ (सी-आई-ए) अर्थात सूचना की गोपनीयता, अखंडता एवं उपलब्धता को आधार मानते हुए अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइबर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने से ही हम साइबर अपराध पर नियंत्रण पा सकते हैं। समिति संयोजक प्रो. डॉ. लता कुमार ने छात्राओं अपने आसपास के लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा राणा, डॉ. शाहिदा परवीन, डॉ. शालिनी वर्मा, प्रो. अनुजा गर्ग, डॉ. कुमकुम, डॉ. गौरी मौजूद रहीं। संवाद

**ANNUAL DAY FUNCTION05.04.2023**

2 दैनिक आज का बुलेटिन
मेरठ गुरूवार 06 अप्रैल, 2023

# महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में त्रयोविंशति वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

आज का बुलेटिन अतुल माहेश्वरी

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में त्रयोविंशति वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर राजीव गुप्ता क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ एवं सहारनपुर मंडल, विशिष्ट अतिथि श्री कुलदीप शर्मा चेयरमैन रॉयल रबर इंडिया मेरठ,प्रो. अश्विनी कुमार गोयल सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ एवं पूर्व संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा उ. प्र. , प्रो. दिनेश चंद विभागाध्यक्ष (वाणिज्य विभाग) राजकीय महाविद्यालय नोएडा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ,समारोहक डॉक्टर पूनम भंडारी , सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. राधा रानी एवं डॉ. शालिनी वर्मा के द्वारा सरस्वती माँ को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन करके किया गया। अतिथियों को पौधा ,बुके,शॉल,स्मृति चिह्न भेंट करके एवं बैज लगाकर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत गायन किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर अंजू सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया.एम.





एससी. गणित की छात्रा कु. पलक गोयल को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर बहुत बधाई दी और आगामी नैक मूल्यांकन हेतु सभी को कार्य में जुट जाने की प्रेरणा दी। प्रोफेसर डॉक्टर लता कुमार ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या का वाचन किया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका स्वागृति का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया। मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा क्रीड़ा चैंपियन ,सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेविकाओं, सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट्स, सर्वश्रेष्ठ रेंजर, सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किया गया। ओम प्रकाश जी स्मृति पुरस्कार कुमारी दुर्रे समीन को प्रदान किया गया। पुरस्कृत छात्राएं अत्यंत प्रसन्न हो उठीं। विशिष्ट अतिथियों ने छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन मे महाविद्यालय के नाम के तीन शब्दों- एस. एम. पी. की -- सिम्प्लीसिटी, स्माॅल,स्लो , मेडिटेशन, प्लानिंग, प्रेयर इन शब्दों में सुन्दर व्याख्या की।उन्होंने छात्राओं की विश्व प्रेम की ओढ़ चुनरिया.. पर समूह नृत्य, गरबा नृत्य, पंजाबी लोक नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य, हरियाणवी लोक नृत्य, समूह नृत्य,रास नृत्य, होली नृत्य करके छात्राओं ने ऐसी सामूहिक सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां की जिनके प्रभाव से उपस्थित सभी दर्शक गण मंत्रमुग्ध हो गए, नृत्य के इसी क्रम में कुमारी इशिका ने अत्यंत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य नाटिका रश्मिरथिका का कुशल मंचन छात्राओं द्वारा किया गया ।

इसके अतिरिक्त महाभारत कथानक पर छात्राओं ने एक अन्य नृत्य नाटिका की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति की।

कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉक्टर पूनम भंडारी और सह समारोहक डॉ उषा साहनी एवं प्रोफेसर अनीता गोस्वामी द्वारा किया गया ।धन्यवाद ज्ञापन के बाद सर्वान्त में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार के सभी सम्मानित प्राध्यापक गणों एवं कर्मचारियों ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

## त्रयोविंशति वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में त्रयोविंशति वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। छात्राओं द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत गायन किया गया। एम एससी गणित की छात्रा पलक गोयल को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर बधाई दी गई। आगामी नैक मूल्यांकन हेतु सभी को कार्य में जुट जाने की प्रेरणा दी। प्रोफेसर डॉक्टर लता कुमार ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या का वाचन किया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'जागृति 'का विमोचन इस अवसर पर किया गया।




वो तो राधा का भी श्याम, वो तो मीरा...

शहीद मंगल पांडे में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



हिन्दुस्तान epaper

वार्षिकोत्सव में झूमी छात्राएं, प्रतिभाओं को सम्मान

06/04/2023

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज में त्रयोविंशति वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। वहीं एमएससी गणित की छात्रा पलक गोयल को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर बधाई दी गई। प्रोफेसर डॉक्टर लता कुमार ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या का वाचन किया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका जागृति का विमोचन भी किया गया।

WORLD HEALTH DAY CELBRATED BY SOCILOGY DEPT.

# प्रतियोगिता में नेहा और शिवानी संयुक्त रुप से रही प्रथम

## समाज शास्त्र विभाग द्वारा किया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस पर श्री अन्न व्यंजनों का प्रदर्शन




भास्कर ब्यूरो

मेरठ। शहीद मंगल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में श्री अन्न व्यंजन प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज शास्त्र विभाग की छात्राओं ने अपने पसंद के मोटा अनाज के विविध व्यंजनों का प्रदर्शन किया। सभी छात्राओं ने बाजरा, मक्का, कुट्टू, जौ, चना आदि के व्यंजन तैयार कर उनका प्रदर्शन किया। व्यंजनों की प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता और श्री अन्न के प्रति जन मानस में अभिरुचि पैदा करना तथा श्री अन्न के सेवन द्वारा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना था। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने विभाग की सराहना करते हुए छात्राओं द्वारा निर्मित व्यंजनों का स्वाद लिया और छात्राओं को मोटा अनाज के व्यंजनों के माध्यम से उद्यमिता के क्षेत्र में अवसर खोजने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विषय की 30 छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन समाजशास्त्र विभाग से प्रो. लता कुमार और प्रो. गीता चौधरी ने संयुक्त रुप से किया। डा. मनीषा भूषण ने आयोजन में विशेष सहयोग किया। प्रतियोगिता में नेहा और शिवानी ने संयुक्त रुप से प्रथम स्थान, अलीशा ने द्वितीय स्थान और रिया व आयशा ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो. अनुजा गर्ग और प्रो. मोनिका चौधरी रहीं। प्रो. अनीता गोस्वामी ने छात्राओं को श्रीअन्न के व्यंजनों का ऑर्डर देकर उनको उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों प्रो. स्वर्णलता कदम, डा. वैभव शर्मा, डा. राकेश कुमार, डा. दीप गुप्ता और डा. मुनेश ने समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

झाँसी, 09 अप्रैल 2023 | 06

# समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर श्रीअन्न व्यंजनों का प्रदर्शन



मेरठ । शनिवार 8 अप्रैल को शहीद गल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला हाविद्यालय, मेरठ के समाजशास्त्र विभाग रा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में श्री न्न व्यंजन प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन कया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्र भाग की छात्राओं ने अपने पसंद के मोटा नाज के विविध व्यंजनों का प्रदर्शन किया। भी छात्राओं ने बाजरा, मक्का, कुट्टू, जौ, ना आदि के व्यंजन तैयार कर उनका प्रदर्शन कया। व्यंजनों की प्रदर्शनी का उद्देश्य वास्थ्य जागरूकता और श्री अन्न के प्रति न मानस में अभिरुचि पैदा करना तथा श्री न्न के सेवन द्वारा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना ा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने भाग की सराहना करते हुए छात्राओं द्वारा र्मित व्यंजनों का स्वाद लिया और छात्राओं ो मोटा अनाज के व्यंजनों के माध्यम से द्यमिता के क्षेत्र में अवसर खोजने का संदेश या। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. लता मार ने कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य ा विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है और श्री अन्न महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी है। प्रो. गीता चौधरी ने छात्राओं को सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से मोटा अनाज सेवन के लिये निर्देशित किया। इस आयोजन में समाजशास्त्र विषय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रसन्नता प्रकट की। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विषय की 30 छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन समाजशास्त्र विभाग से प्रो. लता कुमार और प्रो. गीता चौधरी ने संयुक्त रुप से किया। डा. मनीषा भूषण ने आयोजन में विशेष सहयोग किया। प्रतियोगिता में कु. नेहा और कु. शिवानी ने संयुक्त रुप से प्रथम स्थान, कु. अलीशा ने द्वितीय स्थान और कु. रिया व आयशा ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो. अनुजा गर्ग और प्रो. मोनिका चौधरी रहीं। प्रो. अनीता गोस्वामी ने छात्राओं को श्रीअन्न के व्यंजनों का ऑर्डर देकर उनको उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों प्रो. स्वर्णलता कदम, डा. वैभव शर्मा, डा. राकेश कुमार, डा. दीप गुप्ता और डा. मुनेश ने समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

SHAHEED MANGAL PANDEY BALIDAN DIWAS 08.04.2023

Meerut city | My City | 10

# शहीद मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया



शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में शहीद मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने मंगल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने पांडे के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सुरेश जैन, प्रो. स्वर्णलता कदम, प्रो. अनीता गोस्वामी, डॉ. दीपा गुप्ता, डॉ. डेजी रानी, कृष्ण पाल मौजूद रहे। संवाद

**AWARENESSPROG. ORG. BY RANGERS TEAM 11.04.2023**

# DAINIK MEERUT NEWS

EDITOR: RAJKUMAR AGARWAL
Date [redacted]

WhatsApp 9837037373

Get Social with us!

## क्रांति रेंजर्स टीम द्वारा महिला जागरूकता कार्यक्रम



आज दिनांक 11 अप्रैल 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य जागरूकता हेतु एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका विषय था "सेव विमेन हेल्थ फ्रॉम साइलेंट किलर"। वर्कशॉप में रेंजर लीडर डॉ अनुजा गर्ग एवं कुमारी सिमरन कर्दम सीनियर रेंजर ने उपस्थित छात्राओं को सैनिटरी नेपकिन से महिलाओं के स्वास्थ्य को होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा डेमो देकर सैनिटरी नैपकिन की हानिकारक संरचना तथा उससे महिला स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को होने वाली हानियों के ऊपर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखते हुए वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करना चाहिए। वर्कशॉप में रेंजर्स ने सक्रिय रूप से प्रतिभागिता की। इस अवसर पर डॉ मोनिका चौधरी, डॉ गीता चौधरी, डॉ अनीता गोस्वामी, मनीषा भूषण, डॉ भारती शर्मा आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

**11 april 2023** RNI No: UPHIN56192/2014

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में महिला



शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य जागरूकता हेतु एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका विषय था "सेव विमेन हेल्थ फ्रॉम साइलेंट किलर"। वर्कशॉप में रेंजर लीडर डॉ अनुजा गर्ग एवं कुमारी सिमरन कर्दम सीनियर रेंजर ने उपस्थित छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन से महिलाओं के स्वास्थ्य को होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा डेमो देकर सैनिटरी नैपकिन की हानिकारक संरचना तथा उससे महिला स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को होने वाली हानियों के ऊपर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखते हुए वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करना चाहिए। वर्कशॉप में रेंजर्स ने सक्रिय रूप से प्रतिभागिता की। इस अवसर पर डॉ मोनिका चौधरी, डॉ गीता चौधरी, डॉ अनीता गोस्वामी, मनीषा भूषण, डॉ भारती शर्मा आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

**AMBEDKAR JAYANTI CELEBRATION 14.04.2023**

THE NEWS RED

पत्रकारिता अभियान के रूप में

BREAKING NEWS

14/04/2023

# डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई



शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय , मेरठ में आज दिनांक **14- 04-2023** को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो०(डॉ) अंजू सिंह व वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो०सुरेश जैन, प्रो० लता कुमार, प्रो० मोनिका चौधरी, प्रो० स्वर्णलता कदम, प्रो०अनीता गोस्वामी, डॉ० उषा साहनी, डॉ० वैभव शर्मा ,डॉ० राधा रानी, डॉ० पूनम भंडारी ,डॉ० शबीना प्रवीण , डॉ०अमर ज्योति व महाविद्यालय वरिष्ठ लिपिक श्री० कृष्ण पाल जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया व श्रद्धा सुमन अर्पित किए । अपने वक्तव्य में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ ) अंजू सिंह ने भारत निर्माण में बाबा साहब भीमराव भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के योगदान पर प्रकाश डाला व उनके अमिट महान कृत्यों को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर अंग्रेजी विभाग द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बहुत ही सुंदर स्लोगन तैयार किए।कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ) मोनिका चौधरी ने किया।

NATIONAL HINDI DAILY NEWS PAPER

दैनिक शाह बुलेटिन

Breaking News

कलम की ताकत...

14 april 2023 / RNI No: UPHIN56192/2014

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो०(डॉ) अंजू सिंह व वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो०सुरेश जैन, प्रो० लता कुमार, प्रो० मोनिका चौधरी, प्रो० स्वर्णलता कदम, प्रो०अनीता गोस्वामी, डॉ० उषा साहनी, डॉ० वैभव शर्मा ,डॉ० राधा रानी, डॉ० पूनम भंडारी ,डॉ० शबीना प्रवीण , डॉ०अमर ज्योति व महाविद्यालय वरिष्ठ लिपिक श्री० कृष्ण पाल जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया व श्रद्धा सुमन अर्पित किए । अपने वक्तव्य में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ ) अंजू सिंह ने भारत निर्माण में बाबा साहब भीमराव भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के योगदान पर प्रकाश डाला व उनके अमिट महान कृत्यों को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर अंग्रेजी विभाग द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बहुत ही सुंदर स्लोगन तैयार किए। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर(डॉ) मोनिका चौधरी एवं समारोहक डॉ० पूनम भंडारी द्वारा किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में कुमारी शिखा रानी तथा कुमारी श्वेता यादव ने प्रथम स्थान, कुमारी शिवानी एवं कुमारी काजल ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी सृष्टि राघव ,कुमारी मधु, काजल सिंह एवं तनु ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉक्टर पूनम भंडारी, डॉ उषा साहनी तथा डॉक्टर शबीना परवीन रहे। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा सभी को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी ।

**VISHWA DAROHAR DIWAS CELEBRATED UNDER THE UMBRELLA OF AZADI KA AMRIT MAHOTSAV 18.04.2023**

**20 अप्रैल 2023** सच्ची और तेज खबर के साथ For Advertisement: 6397963447,7535987322 **05**

## विश्व धरोहर दिवस को आभासी मंच पर वेबीनार के रूप में आयोजित किया गया



मेरठ। (मेरठ खबर लाइव न्यूज) शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के आजादी के अमृत महोत्सव तथा इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व धरोहर दिवस को आभासी मंच पर वेबीनार के रूप में आयोजित किया गया। धरोहर का संकलन व संरक्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। जिसको करना राष्ट्र धर्म के नाम पर हम सभी का कर्तव्य है। भारत के गौरवशाली अतीत की समृद्ध विरासत, मूर्तिया आदि तस्करों के द्वारा विदेशो को बेची जा चुकी है, जिनका आज भारत सरकार के माध्यम से संकलन किया जा रहा है। सर्वप्रथम प्रोफेसर अनीता गोस्वामी ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अपने विचार रखते हुये प्रो० (डॉ) अंजु सिंह, प्राचार्य, महोदया ने बताया कि इतिहास के पन्नों में विशिष्ट स्थान रखने वाली हमारी सांस्कृतिक धरोहरो का संकलन व संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और द्वारा संरक्षित स्मारक भी हमारे लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखते है आज विदेशो में गई हमारी पहचान हमारी विरासत को वापस लाना ही चाहिए। मुख्य अतिथि व बीज-वक्ता, डॉ नवीन चन्द्र गुप्ता, एसोशिएट प्रोफेसर, इतिहास, एन०ए०एस० कालेज, मेरठ ने अपने वक्तव्य में भारत की पौराणिक संस्कृति पर प्रकाश डालते हुये बताया कि मेरठ की धरा कभी कुरू जनपद के नाम से जानी जाती थी जिसकी राजधानी हस्तिनापुर थी। समय के चक्र में मेरठ पुनः प्रतिष्ठित हुआ जब **1857** की क्रांति का पहला संग्राम यही से प्रारंभ हुआ और फिर सम्पूर्ण भारत में व्यापकता से प्रसारित हो गया। मेरठ का औघड़नाथ मंदिर भी क्रांति का गवाह बना जहाँ काली पलटन के सिपाहियों ने **1857** के समर की गाथा का गान किया। इस प्रकार यह एक धरोहर स्थल है, यह स्थान संरक्षित किए जाने योग्य है। कार्यक्रम का संचालन आजादी का अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी प्रो० (डॉ) अनीता गोस्वामी ने किया व सभी का आभार व्यक्त किया उन्होने सरधना चर्च की ऐतिहासिकता व समृद्ध पुरातात्विक महत्ता का प्रतिपादन किया। इस आभासी मंच पर प्रो० अनुजा गर्ग, प्रो० मोनिका चौधरी, प्रो० गीता चौधरी, डॉ कुमकुम डॉ शबीना शोध छात्र, विशाल सरोज, मयंक आदि उपस्थित रहे।

meerutkhabarnewslive2021@gmail.com meerutkhabarblogspot.com

## कभी कुरू नाम से जानी जाती थी मेरठ की धरा

मेरठ : शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व धरोधर दिवस पर आभासी मंच पर वेबिनार के रूप में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर एनएएस पीजी कालेज डा. नवीन चंद्र गुप्ता रहे। उन्होंने कहा कि मेरठ की धरा कभी कुरू नाम से जानी जाती थी। जिसकी राजधानी हस्तिनापुर थी। प्राचार्या प्रो. अंजू सिंह ने कहा कि इतिहास के पन्नों में विशिष्ट स्थान रखने वाली हमारी सांस्कृतिक धरोहरों का संकलन व संरक्षण आवश्यक है। वेबिनार का संचालन प्रो. अनीता गोस्वामी ने किया। प्रो. अनुजा गर्ग, प्रो. मोनिका चौधरी, प्रो. गीता चौधरी, डा. कुमकुम, डा. शबीना, विशाल सरोज व मयंक शामिल रहे।

**3 DAYS WORKSHOP ORG. ON SWAYAM PORTAL UNDER THE UMBRELLA OF UGC COMMITTEE (18 TO 20.4.2023)**

## स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर हुई त्रिदिवसीय कार्यशाला

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में ₹स्वयं पोर्टल जागरूकता₹ विषय पर एक त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में 80, द्वितीय सत्र में 51 एवं तृतीय सत्र में 62 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यकम का आयोजन यूजीसी एवं शोध समिति की प्रभारी डा. गीता चौधरी, डा. आरसी सिंह के निर्देशन में किया गया।



शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में जागरूकता कार्यशाला में मौजूद छात्राएं• जागरण

### छात्राओं को दी पोर्टल पर कोर्स की जानकारी

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ की ओर से बुधवार को स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता डा. गौरी ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवं उपयोगिता की जानकारी दी। प्राचार्य डा. अंजू सिंह, डा. गीता चौधरी, डा. लता कुमार, डा. अनुजा गर्ग और डा. मोनिका चौधरी भी उपस्थित रहीं। जासं

### छात्राओं को दी स्वयं पोर्टल, पंजीकरण, मूल्यांकन की जानकारी

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ₹स्वयं पोर्टल जागरूकता₹ विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गौरी ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवं उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 51 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

**छात्राओं ने स्वयं पोर्टल के बारे में जाना :** शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में त्रिदिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय 'स्वयं पोर्टल जागरूकता' रह वक्ता गृहविज्ञान विभाग असिस्टेंट प्रो. डॉ. गौरी ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पो उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रंमाणपत्र व उपयोगिता आदि के बारे में प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह, यूजीसी व शोध समिति की प्रभारी डॉ. गीता चौधरी, आर डॉ. लता कुमार मौजूद रहीं।

WORD EARTH DAY CELEBRATED BY NCC ON 22.04.2023

Back 23 April 23 Shah Bullet

# एनसीसी इकाई द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर सुरक्षित पर्यावरण सेल्फी का आयोजन

शाह बुलेटिन ब्यूरो

मेरठ। आज दि. 22.04.2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में एनसीसी इकाई द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह एवं 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, मेरठ के कमान अधिकारी कर्नल महेश चौहान के संरक्षण तथा लैफ्टि० प्रो. लता कुमार के संयोजन में विश्व पृथ्वी दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधे रोपित कर तथा पृथ्वी संरक्षण के संकल्प के साथ पोस्टर निर्मित कर उनके साथ सेल्फी प्रेषित की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने सभी कैडेट्स को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान का निर्देश दिया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी लैफ्टि० प्रो. लता कुमार ने किया तथा विश्व पृथ्वी दिवस के आयोजन और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस 2023 पर इस वर्ष की थीम है 'हमारे ग्रह में निवेश करें'। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। आयोजनमें में सार्जेंट मीनू, कोमल,तनु, रवीना, शिवानी, नेहा सहित 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।




# विश्व पृथ्वी दिवस पर सुरक्षित पर्यावरण सेल्फी का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह एवं 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल महेश चौहान के संरक्षण तथा लैफ्टिनेंट प्रो. लता कुमार के संयोजन में विश्व पृथ्वी दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधे रोपित कर तथा पृथ्वी संरक्षण के संकल्प के साथ पोस्टर निर्मित कर उनके साथ सेल्फी प्रेषित की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने सभी कैडेट्स को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान का निर्देश दिया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट प्रो. लता कुमार ने किया। विश्व पृथ्वी दिवस के आयोजन और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस 2023 पर इस वर्ष की थीम है 'हमारे ग्रह में निवेश करें'। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। आयोजन में सार्जेंट मीनू, कोमल, तनु, रवीना, शिवानी, नेहा सहित 20 कैडेट्स ने सहभागिता की।



**ROAD SAFETY AWARENESS PROG. ORG. ON 24.04.2023**

25 april 2023 RNI No. UPHIN56192/2014



सड़क सुरक्षा व्याख्यान की वक्ता डॉ ज्योति चौधरी ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतों से परिचित कराया एवं सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों की जानकारी दी।

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ ,में शासन द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में निर्मित रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में भौतिक विज्ञान एवं गणित विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर दिनांक **24/ 4/2023** को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो**o** अंजू सिंह के निर्देशन में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को रोड सुरक्षा संबंधी सामान्य नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें हमेशा सड़क पर चलते समय सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए और अपने साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस हेतु जागरूक करना चाहिए। सड़क सुरक्षा व्याख्यान की वक्ता डॉ ज्योति चौधरी ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतों से परिचित कराया एवं सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन भौतिक विज्ञान विभाग से डॉ डेजी वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ**o** अमित कुमार, डॉ कुमकुम,डॉ राजीव कुमार, डॉ**o** शरद पंवार एवं विज्ञान संकाय की छात्राएं उपस्थित रहीं ।

9837037373 AGARWAL TWEET #Meerutnews24/ LIKE/SHARE

Date:

## मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में हुआ सड़क जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ ,में शासन द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में निर्मित रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में भौतिक विज्ञान एवं गणित विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर दिनांक 24/ 4/2023 को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० अंजू सिंह के निर्देशन में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को रोड सुरक्षा संबंधी सामान्य नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें हमेशा सड़क पर चलते समय सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए और अपने साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस हेतु जागरूक करना चाहिए। सड़क सुरक्षा व्याख्यान की वक्ता डॉ ज्योति चौधरी ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतों से परिचित कराया एवं सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन भौतिक विज्ञान विभाग से डॉ डेजी वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ० अमित कुमार, डॉ कुमकुम,डॉ राजीव कुमार, डॉ० शरद पंवार एवं विज्ञान संकाय की छात्राएं उपस्थित रहीं ।

**IQAC SECOND MEETING ORG. ON 25.04.2023**

Back JD 26-04-2023.pdf

# महाविद्यालय को नेक हेतु मूल्यांकन के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत : प्रो ए के सक्सेना

मेरठ । आज शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ की द्वितीय बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया बैठक का शुभारंभ डॉ आशीष पाठक, सदस्य - आइ.क्यू.ए.सी. द्वारा श्लोक वाचन कर मां शारदे को नमन करके किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अंजू सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर लता कुमार ने माह नवंबर 2022 से फरवरी 2023 के दौरान महाविद्यालय में आयोजित सभी शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियों व प्रगति पर प्रकाश डाला। बैठक के मुख्य अतिथि डॉ राजीव कुमार गुप्ता - उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ एवं सहारनपुर मंडल रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो. बीरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष- भौतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कार्यक्रम व रूपरेखा तैयार करना तथा उनका क्रियान्वयन वर्तमान समय में प्रत्येक महाविद्यालय के लिए आवश्यक व अनिवार्य है जिसके लिए महाविद्यालय स्तर पर टीम का निर्माण किया जाए एवं कोऑर्डिनेटर नामित किए जाएं साथ ही छात्राओं को एन.ई. पी-2020 के विषय में छात्राओं को अवगत करा कर उन्हें इस नीति से लाभान्वित किया जाए। प्रोफेसर ए.के. सक्सेना (सेवानिवृत्त) प्रोफेसर राजकीय रजा पीजी कॉलेज, रामपुर ने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रस्तुत की उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को आगामी नैक मूल्यांकन हेतु कड़ी मेहनत करनी है जिससे हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इसके लिए सभी का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशल शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही नैक मूल्यांकन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब मेरठ से श्री प्रतीश कुमार सिंह ने व्यवसाय एवं रोजगारपरक शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में साक्षात्कार हेतु छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विचार अभिव्यक्ति का अवसर दिया जाना आवश्यक है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत हो सके। श्रीमती अंजू पांडे, अध्यक्ष- बेटियां फाउंडेशन, मेरठ ने कहा कि महाविद्यालय में जलवायु सुधार हेतु वाटिका का निर्माण किया जाए एवं विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाए । इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सोशल एक्टिविटी में भी छात्राओं को आगे आने हेतु प्रोत्साहित करें। महाविद्यालय में छात्राओं हेतु शिकायत एवं सुझाव प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से कार्यरत हो। डॉ सत्यपाल सिंह राणा, नैक प्रभारी ने आगामी नैक मूल्यांकन हेतु प्रगति आख्या प्रस्तुत की। बैठक में अभिभावक,पुरातन छात्राएं तथा वर्तमान सत्र की छात्रा-प्रतिनिधि भी सम्मिलित रही। अभिभावकों द्वारा विचार अभिव्यक्ति भी की गई।कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी प्रभारी प्रो० लता कुमार द्वारा किया गया। तकनीकी संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो० अनीता गोस्वामी सह- समन्वयक आइक्यूएसी द्वारा किया गया। बैठक कार्यवाही लेखन डॉ ज्योति चौधरी डॉ आशीष पाठक डॉक्टर सुशील कुमार द्वारा किया गया। मीडिया रिपोर्ट लेखन डॉ पारुल मलिक द्वारा किया गया।





Back 26 April 23 Shah Bulleti...

शाह बुलेटिन मेरठ आस-पास बुलेटिन

मेरठ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

# ऑनलाइन आयोजन किया गया बैठक का शुभारंभ

शाह बुलेटिन ब्यूरो

मेरठ। आज दिनांक 25 अप्रैल 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ की द्वितीय बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया बैठक का शुभारंभ डॉ आशीष पाठक, सदस्य - आइ.क्यू.ए.सी. द्वारा श्लोक वाचन कर मां शारदे को नमन करके किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अंजू सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर लता कुमार ने माह नवंबर 2022 से फरवरी 2023 के दौरान महाविद्यालय में आयोजित सभी शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियों व प्रगति पर प्रकाश डाला।

बैठक के मुख्य अतिथि डॉ राजीव कुमार गुप्ता - उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ एवं सहारनपुर मंडल रहे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो. बीरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष- भौतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कार्यक्रम व रूपरेखा तैयार करना तथा उनका क्रियान्वयन वर्तमान समय में प्रत्येक महाविद्यालय के लिए आवश्यक व अनिवार्य है जिसके लिए महाविद्यालय स्तर पर टीम का निर्माण किया जाए एवं कोऑर्डिनेटर नामित किए जाएं साथ ही छात्राओं को एनईपी-2020 के विषय में छात्राओं को अवगत करा कर उन्हें इस नीति से लाभान्वित किया जाए।

प्रोफेसर ए.के. सक्सेना (सेवानिवृत्त) प्रोफेसर राजकीय रजा पीजी कॉलेज, रामपुर ने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रस्तुत की उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को आगामी नैक मूल्यांकन हेतु कड़ी मेहनत करनी है जिससे हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इसके लिए सभी का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशल शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही नैक मूल्यांकन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब मेरठ से श्री प्रतीश कुमार सिंह ने व्यवसाय एवं रोजगारपरक शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में साक्षात्कार हेतु छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विचार अभिव्यक्ति का अवसर दिया जाना आवश्यक है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत हो सके। श्रीमती अंजू पांडे, अध्यक्ष- बेटियां फाउंडेशन, मेरठ ने कहा कि महाविद्यालय में जलवायु सुधार हेतु वाटिका का निर्माण किया जाए एवं विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सोशल एक्टिविटी में भी छात्राओं को आगे आने हेतु प्रोत्साहित करें महाविद्यालय में छात्राओं हेतु शिकायत एवं सुझाव प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से कार्यरत हो।

डॉ सत्यपाल सिंह राणा, नैक प्रभारी ने आगामी नैक मूल्यांकन हेतु प्रगति आख्या प्रस्तुत की। बैठक में अभिभावक, पुरातन छात्राएं तथा वर्तमान सत्र की छात्र-प्रतिनिधि भी सम्मिलित रहीं। अभिभावकों द्वारा विचार अभिव्यक्ति भी की गई। कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी प्रभारी प्रो० लता कुमार द्वारा किया गया। तकनीकी संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो० अनीता गोस्वामी सह-समन्वयक आइक्यूएसी द्वारा किया गया। बैठक कार्यवाही लेखन डॉ ज्योति चौधरी डॉ आशीष पाठक डॉक्टर सुशील कुमार द्वारा किया गया।

मीडिया रिपोर्ट लेखन डॉ एकता मलिक द्वारा किया गया।

**INTERNATIONAL CREATIVITY DAY CELEBRATEDBY IIC ON 25.04.2023**

**25-04-2023** / **BREAKING NEWS**



# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रचनात्मक दिवस मनाया गया

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय रचनात्मकता व नवोन्मेष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ० आवेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग विषयगत व्याख्यान हेतु उपस्थित रहे उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं में रचनात्मकता व नवोन्मेष की भावना कैसे विकसित हो व इस ओर छात्राएं किस प्रकार प्रयासरत रह सकती हैं इस बात पर प्रकाश डाला। इस उपलक्ष्य में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट नामक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ संयोजक डॉक्टर पूनम भंडारी ने किया। प्रतियोगिता में

WORLD MALARIA DAY CELEBRATED BY ZOOLOGY & HOME SC. DEPT ON 25.04.2023

## विश्व मलेरिया दिवस के दिन किया छात्राओं को जागरूक

Photo of sanjeev bansal sanjeev bansal



Like Be the first of your friends to like this.

विश्व मलेरिया दिवस के दिन किया छात्राओं को जागरूक आज दिनांक 25 अप्रैल 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नात. महाविद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इसका आयोजन डॉ कुमकुम, जंतु विज्ञान विभाग एवं डॉ गौरी, गृह विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को मलेरिया एवम् डेंगू के बारे में बता कर जागरूक किया। साथ ही साथ इस वर्ष मलेरिया की थीम "मलेरिया से लड़ने के लिए तैयार रहें," जिसका उद्देश्य लोगो को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार होने के लिए जागरूक करना है। महाविधालय की प्राचार्या प्रो.( डॉ) अंजू सिंह ने बताया की मलेरिया एवं डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनाफिलीज और एडीज मच्छरों के काटने से होती है । बरसात या वातावरण में नमी के कारण मलेरिया के मच्छर पनपने लगते हैं और बीमारी का प्रसार होता है। मलेरिया की गंभीर स्थिति बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। इसलिए हम सभी को इसके प्रति लोगो को जागरूक करना है। इसमें स्नातक एवम् स्नातकोत्तर स्तर की सभी छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस पर छात्राओं को जागरूक किया

April 25, 2023 - Havlesh Kumar Patel



**शि.वा.ब्यूरो, मेरठ।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया, इसका आयोजन डॉ. कुमकुम (जंतु विज्ञान विभाग) एवं डॉ. गौरी (गृह विज्ञान विभाग) द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को मलेरिया व डेंगू के बारे में बता कर जागरूक किया। छात्राओं को बताया कि इस वर्ष मलेरिया की थीम 'मलेरिया से लड़ने के लिए तैयार रहें' जिसका

**FAREWELL PRTY FOR STUDENTS ORG BY POL.SC. DEPT. 28.04.2023**






Back JDJ 29-04-2023.pdf

झाँसी, 29 अप्रैल 2023 | 06

# राजकीय महिला महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण, छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन

**मेरठ।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में आज राजनीति विज्ञान विभाग में विभागीय परिषदीय प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण एवं एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अंजू सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के द्वारा प्राचार्य एवं शिक्षकों का स्वागत किया गया तथा उसके उपरांत छात्राओं के द्वारा कैटवॉक, नृत्य, लघु नाटिका आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न श्रेणियो में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर कुमारी रुखसार स्टूडेंट ऑफ द ईयर, काजल मिस पर्सनैलिटी, कुमारी भावना मिस फेयरवेल, नीतू एवं मर्सी मिस रेगुलर स्टूडेंट, कुमारी कामिनी सिसोलिया डांसिंग क्वीन एवं कुमारी शहरीन मिस फ्रेशर चुनी गई। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए समस्त छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं एम ए प्रथम वर्ष की छात्राओं को अपने सीनियर साथियों से प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विभाग प्रभारी प्रोफेसर अनुजा गर्ग डॉक्टर आर सी सिंह, डॉ मुनेश कुमार, प्रोफेसर गीता चौधरी, प्रोफेसर अनीता गोस्वामी, प्रोफेसर मंजू रानी, डॉ उषा साहनी, डॉ पारुल मलिक आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# रुखसार स्टूडेंट ऑफ द ईयर तो शहरीन चुनी गई मिस फ्रेशर



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागीय परिषदीय प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण एवं एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के द्वारा प्राचार्य एवं शिक्षकों का स्वागत किया गया। उसके उपरांत छात्राओं के द्वारा कैटवॉक, नृत्य, लघु नाटिका आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर रुखसार स्टूडेंट ऑफ द ईयर, काजल मिस पर्सनैलिटी, भावना मिस फेयरवेल, नीतू एवं मर्सी मिस रेगुलर स्टूडेंट, कामिनी सिसोलिया डांसिंग क्वीन एवं शहरीन मिस फ्रेशर चुनी गई। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए समस्त छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं [illegible] अपने सीनियर साथियों से प्रेरणा ले[illegible] हेतु प्रोत्साहित किया। इस अव[illegible] पर विभाग प्रभारी प्रोफेसर अनु[illegible] गर्ग, डॉक्टर आरसी सिंह, डॉ. मुने[illegible] कुमार, प्रोफेसर गीता चौध[illegible] प्रोफेसर अनीता गोस्वामी, प्रोफे[illegible] मंजू रानी, डॉ. उषा साहनी, [illegible] पारुल मलिक आदि प्राध्याप[illegible] उपस्थित रहें।

Lata

**RESEARCH DISCUSSION SESSION ORG. ON 29.04.2023**

Back **30 APRIL DB NOIDA.pdf**

# आयोजन: रिसर्च एसोसिएशन का गठन, अनामिका नागर बनीं अध्यक्ष

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ शोध संवाद कार्यक्रम का आयोजन




भास्कर ब्यूरो

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक शोध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह ने राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, इस प्रकार के विचार विमर्श से हम महाविद्यालय में शोध संस्कृति विकसित कर सकते हैं। यह पूरा कार्यक्रम संवाद पर आधारित था, जिसमें शोधार्थियों की समस्याओं व सुझावों को आमंत्रित किया गया। उनके अनुसार आश्वास [illegible] गया। इस अवसर पर एक रिसर्च एसोसिएशन का गठन भी किया गया, जिसमें अनामिका नागर अध्यक्ष, श्री कृष्ण यादव उपाध्यक्ष, धर्मवीर सिंह सचिव, दीपा सिंह संयुक्त सचिव, सोनपाल सिंह मावी कोषाध्यक्ष एवं मयंक, विशाल, कल्पना एवं चेतना को कार्यकारी सदस्य चुना गया। यह एसोसिएशन भविष्य में शोध संबंधी होने वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों का आयोजन एवं संचालन करेगी। समिति के प्रभारी प्रोफेसर गीता चौधरी ने शोधार्थियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए महाविद्यालय में [शो]ध का सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन समिति की सदस्य डॉ. गौरी ने किया। समिति के सह प्रभारी डॉ. आरसी सिंह एवं डॉ. उषा साहनी ने भी अपने विचर एवं सुझाव प्रस्तुत किए।इस अवसर पर समिति सदस्यों में डा. शालिनीसिंह, डा. वैभव शर्मा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. आवेश कुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय परिवार से प्रो. सुरेश जैन, प्रो. डा. मंजू रानी, प्रो. अनीता गोस्वामी, प्रो. सुधा रानी सिंह, प्रो. मोनिका चौधरी, डॉ. भारती शर्मा, डा. शबीना परवीन आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहें।

# विचार-विमर्श से कर सकते हैं शोध संस्कृति विकसित :प्रो अंजू सिंह

**मेरठ ( बि.टा. )।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक शोध संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ने राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कियाद्य प्राचार्य ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के विचार विमर्श से हम महाविद्यालय में शोध संस्कृति विकसित कर सकते हैं। यह पूरा कार्यक्रम संवाद पर आधारित था जिसमें शोधार्थियों की समस्याओं व सुझावों को आमंत्रित किया गया उनके अनुसार आश्वासन भी दिया गया द्य इस अवसर पर एक रिसर्च एसोसिएशन का गठन भी किया गया, जिसमे अनामिका नागर अध्यक्ष, श्री कृष्ण यादव उपाध्यक्ष, धर्मवीर सिंह सचिव, दीपा सिंह संयुक्त सचिव, सोनपाल सिंह मावी कोषाध्यक्ष एवं मयंक,विशाल, कल्पना एवम चेतना को कार्यकारी सदस्य चुना गया द्य यह एसोसिएशन भविष्य में शोध संबंधी होने




वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों का आयोजन एवं संचालन करेगी। समिति के प्रभारी प्रोफेसर गीता चौधरी ने शोधार्थियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए महाविद्यालय में शोध का सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन समिति की सदस्य डॉ.गौरी ने किया । समिति के सह प्रभारी डॉ. आरसी सिंह एवं डॉ. उषा साहनी ने भी विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। इस अवसर पर समिति सदस्यों में डा. शालिनी सिंह, डा.वैभव शर्मा, डॉ.अमित कुमार,डॉ.विकास कुमार, डॉ.आवेश कुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय परिवार से प्रो.सुरेश जैन, प्रो.मंजू रानी, प्रो. अनीता गोस्वामी, प्रो.सुधा रानी सिंह,प्रो. मोनिका चौधरी,डॉ.भारती शर्मा, डा.शबीना परवीन आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# MAY 2023

**SHRI ANNA EXHIBITION ORG. UNDER THE UMBRELLA OF IIC ON 01.05.2023**

## “श्री अन्न” पर प्रदर्शनी का किया आयोजन, इनोवेटिव आईडियाज इस्तेमाल कर छात्राओं ने बनाए पोस्टर एवं मॉडल”

G News India




Like You like this.

“श्री अन्न” पर प्रदर्शनी का किया आयोजन, इनोवेटिव आईडियाज इस्तेमाल कर छात्राओं ने बनाए पोस्टर एवं मॉडल” शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में आज दिनांक 01-05-2023 को जंतु विज्ञान एवं इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल (आई.आई.सी) के तत्वावधान में “श्री अन्न” प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें, इन्नोवेटिव आईडियाज का इस्तेमाल कर छात्राओं ने श्री अन्न की उपयोगिता पर अधिक जोर दे, ये स्वास्थ्य के लिए लाभकारक विषय पर मॉडल एवम् पोस्टर बनाए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ कुमकुम, इनोवेशन कोऑर्डिनेटर आई आई सी द्वारा किया गया। जिसमें स्नातक, विज्ञान वर्ग की छात्राओं के ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिसमे जिसमें, महाविद्यालय की 60 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। मिलेट के फायदे के ऊपर मॉडल, मोटे अनाज के लाभ, मोटे अनाज की किस्में, अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023. मोटे अनाज में पोषक तत्व आदि का महत्व बताते हुए पोस्टर एवं मॉडल, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने छात्राओं के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की और कहा की इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है, मोटे अनाज की उपयोगिता के कारण इसे “श्री अन्न” कहा गया है। आधुनिकता के प्रभाव में आकर लोग अब अपने गांव घर में उपजने वाले अनाज जैसे मरूआ, कौनी, चीना, कोदो, ज्वार, बाजरा आदि से दूर होते जा रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले अनुसंधान बताते हैं कि ये मोटे अनाज का हमारे स्वास्थ्य वर्धन में अत्यंत महत्व है। आई आई सी की सदस्या डॉ गौरी ने भी श्री अन्न के फायदे बता कर छात्राओं को जागरूक किया। प्रदर्शनी मे आई आई सी संयोजक डॉ पूनम भंडारी, डॉ मंजू रानी, डॉ गीता चौधरी, डॉ गौरी, डॉ ऋचा राणा एवं डॉ शबीना प्रवीण सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## छात्राओं को बताए मोटे अनाज के फायदे

संवाद न्यूज एजेंसी

**शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में लगाई गई प्रदर्शनी**

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान और इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल की ओर से श्रीअन्न प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इसमें छात्राओं ने श्रीअन्न की उपयोगिता विषय पर मॉडल और पोस्टर बनाए। साथ ही मोटे अनाज के फायदे, मोटे अनाज की किस्मे बताई। अन्य कई उपयोगी

और मोटे अनाज में पोषक तत्व का भी महत्व बताया गया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने बताया कि मोटे अनाज की उपयोगिता के कारण ही इसे श्रीअन्न कहा गया है। आईआईसी की सदस्य डॉ. गौरी ने श्रीअन्न के फायदे बताकर छात्राओं को जागरूक किया।

इस दौरान डॉ. कुमकुम, डॉ. पूनम भंडारी, डॉ. मंजू रानी, डॉ.

LABOUR DAY CELEBRATION 01.05.2023

Back Page 13 Dainik bhaskar...

## श्रमिक दिवसः स्लोगन प्रतियोगिता में कनिका रही प्रथम

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा स्लोगन व कविता लेखन प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पंद्रह छात्राओं ने प्रतिभागिता की। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कनिका, द्वितीय स्थान रवीना तथा तृतीय स्थान नंदिनी भारती ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा वर्मा तथा द्वितीय स्थान ने प्राप्त किया। प्रो. गीता चौधरी निर्णायक रहीं।

## श्रमिक दिवस पर छात्राओं ने लिखे स्लोगन

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में सोमवार को आनलाइन श्रमिक दिवस मनाया. छात्राओं ने स्लोगन व कविता लेखन प्रतियोगिताओं में आनलाइन भाग लिया. स्लोगन प्रतियोगिता में कनिका प्रथम, रवीना दूसरे और नंदिनी भारती तीसरे स्थान पर रही. कविता प्रतियोगिता मे मनीषा वर्मा प्रथम, राशि दूसरे स्थान पर रहीं. विभागाध्यक्ष डा. लता कुमार भी उपस्थित रही.

PRIZE DISTRIBUTION IN ZOOLOGY & HOME SC.DEPT. ON 03.05.2023

# प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राओं का सम्मान




मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय माधवपुरम के जंतु विज्ञान विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग में विभागीय परिषद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। छात्राओं ने वर्ष भर अनेक कार्यक्रमों जैसे पोषण सप्ताह, विज्ञान प्रदर्शनी, सलाद सज्जा, युवा सप्ताह, पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उन सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं छात्राओं को आगे भी अपनी रचनात्मकता को निखारने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ सत्यपाल सिंह राणा, डॉ कुमकुम राजपूत, डॉक्टर गौरी एवं डॉक्टर नरेंद्र उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्त कर सभी छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र मिले



शहीद मंगल पांडे डिग्री कॉलेज में छात्राओं को मिले पुरस्कार। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय में जंतु विज्ञान विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग के विभागीय परिषद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. सत्यपाल सिंह राणा, डॉ. कुमकुम राजपूत, डॉ. गौरी, डॉ. नरेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

## KRANTI DIVAS CELEBRTION UNDER THE UMBRELLA OF AZADI KA AMRIT MAHOTSAV

For Advertisement: 6397963447,7535987322


# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रांति दिवस मनाया गया

मेरठ। (मेरठ खबर टाइम न्यूज) क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के इतिहास विभाग तथा आज़ादी का अमृत महोत्सव तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मेरठ मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एक हेरिटेज प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया, जिसका उद्घाटन सह पुरातत्वविद डॉक्टर विवेक सिंह तथा प्रोफेसर डॉक्टर अंजू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी अतिथियों ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पण किया। छात्राओं द्वारा बनायी गई आकर्षक रंगोली की अवलोकन करने के उपरांत अतिथि सभागार में प्रविष्ट हुए और प्रदर्शनी के चित्रों का अवलोकन किया। इन चित्रों में भारतीय हेरिटेज के प्रमुख स्थलों जैसे तंजावुर और बृहदारेश्वर मंदिर, जामा मस्जिद, रणथंभौर का किला, चित्तौड़गढ़ का किला, खजुराहो के मंदिर, ताज महल जैसे अन्य महत्वपूर्ण स्मारक प्रदर्शित किए गए थे। सबसे महत्वपूर्ण दीर्घा में लगे हस्तिनापुर की खुदाई से संबंधित चित्र रहे जिन्होंने वहाँ से प्राप्त छोटे छोटे मनके, हड्डी के पासे, वस्त्र बनाने के उपकरण इत्यादि रहे हैं, छात्राओं ने उत्सुकता से इन सभी का अवलोकन किया और विभिन्न प्रश्न डॉक्टर विवेक सिंह से पूछे और उनका समाधान प्राप्त किया। तत्पश्चात एक व्याख्यान पुरातत्व विषय पर आयोजित किया गया जिसके मुख्य वक्ता के रूप में असिस्टेंट आर्कियोलॉजिकल डॉक्टर विवेक सिंह रहे उन्होंने किस प्रकार आप भी वर्षों से पुरानी वस्तुओं को संजोकर उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से प्रमाणित करा सकते हैं इसे बताया तथा कैसे पुरातत्व की संरक्षित इमारत अथवा स्मारक को सहेजा जाता है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉक्टर अंजू सिंह ने इस प्रदर्शनी दीर्घा की भूरी भूरी प्रशंसा की और इतिहास विषय में ऐसी उपयोगी प्रदर्शनी आयोजित करने पर इतिहास विभाग को बधाई दी तथा छात्राओं को प्रेरित किया कि वह स्वयं को पुरातत्व कि नवीन खोजों में व्यस्त करें और प्राचीन इतिहास को उजागर करें। धन्यवाद ज्ञापन आज़ादी का अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी तथा इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता गोस्वामी ने किया। सह संयोजक आज़ादी का अमृत महोत्सव डॉक्टर राजकुमार सिंह, डॉ सुधारानी, डॉक्टर कुमकुम, डॉक्टर लता कुमार तथा डॉक्टर शबीना परवीन के अतिरिक्त प्रोफेसर अनुजा गर्ग, प्रोफेसर गीता चौधरी, प्रोफेसर मंजू रानी, प्रोफेसर मोनिका चौधरी के अतिरिक्त भी विभिन्न प्राध्यापकों ने अपनी सहभागिता की। छात्राओं ने बड़ी संख्या में इसमें अवलोकन कर अपना ज्ञानार्जन किया शोधार्थी भी विभिन्न विषयों से आकर इसमें जुड़े थे।





**PTM (16.05.2023)**

# प्राध्यापक अभिभावक संघ की एक बैठक का आयोजन




शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में आज दिनांक 16 मई 2023 को प्राध्यापक अभिभावक संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्य महोदया ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरान्त कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर डॉ0 मोनिका चौधरी ने प्राचार्य की आज्ञा लेकर कार्यक्रम को संचालित किया। प्राचार्य महोदय प्रोफेसर (डॉ0) अंजू सिंह ने अपने उद्बोद्धन में अभिभावकों एवम छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की प्रथम प्रार्थमिकता छात्राओं का सर्वांगीण विकास है और महाविधालय परिवार सदैव इसके लिए तत्पर है। बैठक में उपस्थित अभिवावकों के संवाद प्रक्रिया में अपने अपने स्तर से महाविद्यालय की शिक्षण प्रणाली को बेहतर बताते हुए कहा कि हमे पूर्ण विश्वास है महाविद्यालय प्राचार्य के सुगम निर्देशन में आगे भी ऐसे ही उतरोत्तर प्रगति करेगा।

## अभिभावक समिति का गठन, प्रेम नारायण बनें अध्यक्ष

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में प्राध्यापक अभिभावक संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर डॉ. मोनिका चौधरी ने संचालन किया। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह ने अपने उद्बोधन मे अभिभावकों एवं छात्राओं को संबोधित किया। अभिभावक संघ की बैठक में महाविद्यालय में अभिभावक समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्रेम नारायण श्रीवास्तव को बनाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर भारती दीक्षित, प्रोफेसर लता कुमार, प्रोफेसर अनुजा गर्ग, प्रोफेसर मंजू रानी, प्रोफेसर गीता चौधरी, प्रोफेसर सुधा रानी सिंह, प्रोफेसर अनिता गोस्वामी, डॉ. मंजू रानी, डॉ. आवेश कुमार, डॉ. ऋचा राणा, डॉ. अलका चौधरी, डॉ. गौरव कुमार उपस्थित रहें।

**SHARBAT DISTRIBUTION BY RANGERS 18.05.2023**

Date: [redacted]

## शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय क्रांति की रेंजर्स टीम ने लगाया शरबत वितरण कैंप



आज दिनांक 19 मई 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में रेंजर लीडर डॉ. अनुजा गर्ग के नेतृत्व में क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय के निकट शरबत वितरण का स्टॉल लगाया । रेंजर्स के द्वारा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए ठंडा जल एवं रूह अफजा शरबत का पूर्ण सेवा भाव से वितरण किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह ने रेंजर्स के द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। शरबत वितरण के इस आयोजन में मुस्कान, सपना, आँचल, खुशबू, पूजा बिष्ट, प्रिया , इशिका, करिश्मा, अनामिका हरित, शीतल, अंजलि, अंशु आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा । इस अवसर पर रेंजर्स समिति के सदस्य डॉ सत्यपाल सिंह राणा , डॉ गीता चौधरी, डॉ मोनिका चौधरी, डॉ उषा साहनी, डॉ विकास , डॉ सुशील कुमार एवम् डॉ शबाना परवीन उपस्थित रहे। रेंजर्स द्वारा शरबत वितरण का यह सेवा कार्य दिनांक 18 मई 2023 से किया जा रहा है ।

**7 DAYS FACULTY DEVELOPMENT PROG. (UNMESH)**
**16MAY 2023 to 22 MAY 2023-06-23**

# नई शिक्षा नीति में अध्यापकों की भूमिका महत्वपूर्ण

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज और शोभित विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय इंटीग्रेटेड फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम उन्मेष के पांचवें दिन शनिवार को आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो . बीर पाल सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 में अध्यापकों की भूमिका शीर्षक पर विचार रखें। राष्ट्रीय शिक्षा शिक्षा नीति 2020 के मूलभूत सिद्धांत समरूपता, गुणवत्ता, जवाबदेही एवं शिक्षा की पहुंच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एकेडमिक प्रोग्रामों का पुनर्गठन, अध्यापकों के लिए शोध तथा विद्यार्थियों के विकास में अध्यापकों की एक महती भूमिका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत देश में केवल एक ही रेगुलेटर हायर एजुकेशन कमिशन आफ इंडिया स्थापित किया जाएगा।



23 मई 2023 सच्ची और तेज खबर के साथ For Advertisement: 6397963447,7535987322 08

## सात दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम "उन्मेष" का समापन समारोह आयोजित

मेरठ। (मेरठ ख़बर लाइव न्यूज) आज शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ के आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ एवं शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम "उन्मेष" का समापन समारोह आयोजित किया गया। एफ. डी. पी. का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ-सहारनपुर मंडल और महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह की ऑनलाइन उपस्थिति में मुख्य वक्ता डा. अनीता मोराल और कार्यक्रम समन्वयक प्रो. लता कुमार द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प एवम् माल्यार्पण करके किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग से डॉ शालिनी वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आयोजन सचिव प्रोफ़ेसर गीता चौधरी ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। रिपोर्ट समिति संयोजक डा. ज्योति चौधरी ने गत छह दिवसों की संयुक्त आख्या प्रस्तुत की।


meerutkhabarnewslive2021@gmail.com meerutkhabarblogspot.com

**7 DAYS WORKSHOP ON “CAPITALISE YOUR CAPABILITIES” AN INSPIRION BY ALUMINI STUDENTS ORG. BY CAREEER COUNSELLING CELL (FROM 21.05.2023 to 27.05.2023)**



## पुरातन छात्राओं से सीख लेंगी छात्राएं

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने किया। अतिथि व मुख्य वक्ता महाविद्यालय की पुरातन छात्राएं हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत एवं लगन से अपने जीवन में पद-प्रतिष्ठा को प्राप्त किया और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यशाला का उद्देश्य पुरातन छात्राओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बनाना है। संयोजिका डा. अमर ज्योति, वंदना और डा. भारती दीक्षित भी उपस्थित रहीं।



Date:21.05.2023

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे हुआ वर्कशॉप का आयोजन।

मई : शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में सूचना एव रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं हेतु एक सप्त दिवसीय कार्यशाला वर्कशॉप ऑन कैपिटलआईज योर कैपेबिलिटीज सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला ऑनलाइन मोड पर संचालित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में रोजगार प्रकोष्ठ संयोजिका डा.भारती दीक्षित ने प्राचार्य मैम का स्वागत कर सप्त दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा से अवगत कराया। प्राचार्य प्रो.अंजू सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा इस सप्त दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला की सबसे प्रमुख खूबसूरती एवं विशेषता यह है कि अग्रिम दिवसों में आने वाले सभी अतिथि एवं वक्ता महाविद्यालय की पुरातन छात्राएं हैं जिन्होंने अपनी मेहनत एवं लगन के बल पर अपने जीवन में एक पद व प्रतिष्ठा को प्राप्त किया और हमारे महाविद्यालय का नाम रोशन कर हम सब को गर्व का अनुभव कराया। प्राचार्य ने कार्यशाला के सफल संचालन हेतु अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय की वर्तमान छात्राएं इस कार्यशाला के माध्यम से पुरातन छात्राओं से प्रेरणा ले सकेंगी तथा अपने जीवन को सफल बनाने का सतत प्रयास अवश्य कर सकेंगी। तत्पश्चात कार्यक्रम के अंत में डा.अमर ज्योति ने मुख्य वक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया इसके साथ ही रोजगार प्रकोष्ठ संयोजिका डा.भारती दीक्षित ने महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह एव आभासी मंच से जुड़े सभी प्राध्यापकों तथा सभी प्रतिभागियों को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। डा.भारती दीक्षित मैडम ने वर्तमान छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एव डा.अनीता गोस्वामी को भी धन्यवाद ज्ञापित

meerut@inext.co.in

**MEERUT (22 May):** शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज के गृह विज्ञान विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सुंदर शिक्षण सामग्री तैयार की. यह शिक्षण सामग्री प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी स्तर पर बच्चों को खेल- खेल में पढ़ाने के लिए अत्यंत सहायक होगी. असिस्टेंट प्रो. गौरी ने छात्राओं को शिक्षण सामग्री की सहचयता से बच्चों को पढ़ाने के बारे में बताया. छात्राओं ने दिनों के नाम, महीनों के नाम, अंग्रेजी वर्णमाला, रंग, आकार, घड़ी, सुंदर कविताएं एवं कहानियों से अध्ययन सामग्री बनाई. प्राचार्य डा. अंजू सिह ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की. दूसरी ओर सूचना एवं रोजगार आनलाइन हुई. प्राचार्य डा. अंजू सिह कहा कि कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को रोजगारोन्मुख आवश्यक कौशल एवं संभावनाओं की जानकारी दी गई.

### अपना व्याख्यान दिया

आकांक्षा ने इमोशनल इंटेलिजेंस शीर्षक पर अपना व्याख्यान दिया. उन्होंने इमोशनल इंटेलिजेंस की अवधारणा को विस्तार से समझाया एवं बताया कि अपनी भावनाओं को समय और स्थिति के हिसाब से मैनेज करना इमोशनल इंटेलिजेंस होता है. उन्होंने बताया की इमोशनल इंटेलिजेंस आपकी अपनी भावनाओं तक पहुंचने की क्षमता है, जिसे पाने के बाद आप

अमर उजाला 28.5.23

## व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज के रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'कैपिटलाइज योर कैपेबिलिटी वर्कशॉप ऑन सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट' विषय पर सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला संपन्न हुई। उद्घाटन प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने किया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता दिल्ली के आईसीएसएसआर के असिस्टेंट डॉयरेक्टर डॉ. नितिन कुमार रहे। प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. ऊषा साहनी ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया। संयोजक डॉ. भारती दीक्षित व सह संयोजक डॉ. अमर ज्योति रही। संवाद

# शाह बुलेटिन मेरठ आस-पास बुलेटिन

मेरठ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## सप्त दिवसीय कार्यशाला "वर्कशॉप ऑन कैपिटलआईज योर कैपेबिलिटी: सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट" का समापन समारोह आयोजित किया गया

शाह बुलेटिन ब्यूरो

आज दिनांक 27 मई 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ के सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सप्त दिवसीय कार्यशाला "वर्कशॉप ऑन कैपिटलआईज योर कैपेबिलिटी: सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट" का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन सत्र का उद्घाटन महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यह समापन कार्यक्रम ऑनलाइन मोड पर संचालित किया गया। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस पर श्रीमती वंदना त्यागी पीआरटी केएल इंटरनेशनल स्कूल मेरठ, ने "कम्युनिकेशन स्किल्स" शीर्षक पर, द्वितीय दिवस पर श्रीमती आकांक्षा, डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस फैकल्टी डब्ल्यूपी मेरठ, ने "इमोशनल इंटेलिजेंस", तृतीय दिवस पर श्रीमती शिवानी शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स छोटू राम डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर ने "नेतृत्व क्षमता", चतुर्थ दिवस पर पूजा रानी पीजीटी शिक्षक जीबीएसएसएस नई दिल्ली ने "अनुकूलता कौशल", पंचम दिवस पर कुमारी आकांक्षा शर्मा शिक्षक पुरातन छात्रा बीएड ने "निर्णय लेने की क्षमता", षष्ठम दिवस पर पूजा सैनी लेक्चर डायट सहारनपुर ने "एथिक्स", सप्तम दिन इसी क्रम में आज के इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नितिन कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर आई सी एस एस आर, दिल्ली उपस्थित रहे। सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ उषा साहनी ने मुख्य वक्ता का स्वागत औपचारिक भाषण से किया एवं उन्होंने "व्यक्तित्व विकास" नामक शीर्षक पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ कुमार ने कहा कि यह उनके लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि जिस महाविद्यालय के वे छात्र रहे हैं वहां की वर्तमान छात्राओं से अपने विचार साझा करने का अवसर उन्हें प्रदान हुआ। सर ने बताया कि व्यक्तित्व किसी भी व्यक्ति का आंतरिक एवं बाह्य दृष्टिकोण होता है अगर हम किसी से एक बार मिले तो हम ऐसी छाप छोड़े कि हमें सदैव याद किया जाए वह व्यक्तित्व कहलाता है। सर ने बताया कि शुरुआत में सभी विद्यार्थियों को जीवन में



समान अवसर प्राप्त होते है परंतु कुछ विद्यार्थी जीवन में अत्यधिक सफल हो जाते हैं, कुछ औसत और कुछ जीवन में असफल ही रह जाते हैं यह सब विद्यार्थी के व्यक्तित्व पर निर्भर करता है। डॉ कुमार ने रामायण की एक वीडियो के माध्यम से छात्राओं को व्यक्तित्व से संबंधित सभी बिंदुओं को विस्तार से समझाया इसके साथ ही सभी छात्राओं ने अपने अपने अवलोकन साझा किए। सर ने बताया कि बाह्य व्यक्तित्व के साथ-साथ हमें अपने आंतरिक व्यक्तित्व में भी निखार लाना चाहिए, जिन व्यक्तियों के पास सूरत एवं सीरत दोनों होती है वे लोग अपने जीवन में बहुत आगे जाते हैं और सफल होते हैं। सर ने कुछ विशेष व्यक्तित्व जैसे डॉक्टर अब्दुल कलाम, महात्मा गांधी तथा जवाहरलाल नेहरू आदि ऐसे उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ कुमार ने व्यक्तित्व विकास के कुछ प्रमुख कारक जैसे स्वयं को जानना, अपने जीवन में लक्ष्य और उद्देश्यों को निर्धारित करना, सतत अध्ययन करना,सकारात्मक माइंडसेट को निर्धारित करना, भावनात्मक बुद्धिमत्ता को निर्धारित करना, कम्युनिकेशन कौशल को सुधारना, आत्मविश्वास को विकसित करना, स्वस्थ एवं अच्छी आदतों को आत्मसात करना आदि पर चर्चा की। अंत में डॉ कुमार ने कहा कि व्यक्तित्व विकास एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है इसकी सहायता से व्यक्ति अपने जीवन में उच्च से उच्च पद एवं प्रतिष्ठा को आसानी से प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्राओं को अपनी पुरातन छात्राओं को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त हुआ और निश्चित रूप से सभी छात्राएं पुरातन छात्राओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बना सकेंगी। प्राचार्य महोदया ने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग 200 छात्राओं ने अपना पंजीकरण करवाया क्योंकि इस कार्यशाला की सफलता का द्योतक है। प्राचार्य महोदया ने सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ भारती दीक्षित, सह संयोजिका डॉ अमर ज्योति एवं समस्त समिति के सदस्यों को कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी इसके साथ ही सामने कार्यशाला में उपस्थित सभी अतिथियों वक्ताओं और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ अमर ज्योति ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ अमर ज्योति ने कहा कि सर के पूरे व्याख्यान में सभी छात्राएं सजग होकर सर के विचारों को सुन रही थी इसके साथ ही डॉ अमर ज्योति ने सब सभी प्राध्यापकों एवं प्रतिभागियों को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक जागरण, Meeru

## लक्ष्य व उद्देश्य तय करें और आगे

MEERUT (27 May, JNN): शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज के सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को सात दिवसीय कार्यशाला वर्कशॉप आन कैपिटलआईज योर कैपेबिलिटी साफ्ट स्किल डवलपमेंट का समापन हुआ. जिसे आनलाइन संचालित किया गया. मुख्य वक्ता डा. नितिन कुमार और डा. ऊषा साहनी ने व्यक्तित्व विकास शीर्षक पर अपना व्याख्यान दिया. डा. नितिन ने कहा व्यक्तित्व किसी भी व्यक्ति का आंतरिक एवं वाह्य दृष्टिकोण होता है, अगर हम किसी से एक बार मिले तो हम ऐसी छाप छोड़े कि हमें सदैव याद किया जाए वह व्यक्तित्व कहलाता है. विद्यार्थियों को जीवन में समान अवसर प्राप्त हो

में अत्य

औसत

ही रह

व्यक्तित

व्यक्तित

आंतरिक

चाहिए.

Online ID कार्ड, नियुक्ति पत्र प्राप्त करें
APPLY NOW
Online ID कार्ड, नियुक्ति पत्र प्राप्त करें
APPLY NOW

# पर्यावरण की रक्षा एवं सरंक्षण के लिए छात्राओं ने चलाया मिशन लाइफ अभियान

Photo of Rajeev Goayal Rajeev Goayal



पर्यावरण की रक्षा एवं सरंक्षण के लिए छात्राओं ने चलाया मिशन लाइफ अभियान

आज दिनांक 23 मई 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण की रक्षा और सरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियान के क्रम में ही आज पर्यावरण से संबंधित पोस्टर बनाकर स्नातक स्तर की छात्राओं द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ कुमकुम जंतु विज्ञान विभाग एवं डॉ गौरी, गृह विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।इस अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने, पेड़ लगाओ, जल संरक्षण, ग्रीन प्लैनेट आदि विषयों पर पोस्टर बनाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो (डॉ ) अंजू सिंह ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए, मिशन लाइफ में छात्राओं के सहयोग की सराहना की साथ ही साथ कहा की हम सब को व्यक्तिगत स्तर एवं सामूहिक स्तर से पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगो को जागरूक करना होगा। पर्यावरण भी ग्रीन इकोनॉमी की तरह कार्य करता है। इसे कैसे बढ़ा सकते हैं, उस पर विचार करने होंगे। इस अभियान में महाविद्यालय की 77 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**Yuva UTSAV (PANCH PRAN) 2047 ORG. BY PHYSICAL ED. DEPT. 24.05.2023**

# पंच प्रण थीम पर युवा उत्सव इंडिया का आयोजन



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में पंच प्रण थीम पर युवा उत्सव इंडिया 2047 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जितेंद्र बालियान के निर्देशन में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि आज का युवा ही कल का भविष्य हैं। डॉ. ऋचा राणा, डॉ. शाहिदा परवीन, डॉ. गौरव आदि रहे।

# स्टूडेंट्स ने तैयार की बच्चों की शिक्षण सामग्री

PIC : JNN



meerut@inext.co.in

**MEERUT (22 May):** शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज के गृह विज्ञान विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सुंदर शिक्षण सामग्री तैयार की. यह शिक्षण सामग्री प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी स्तर पर बच्चों को खेल- खेल में पढ़ाने के लिए अत्यंत सहायक होगी. असिस्टेंट प्रो. गौरी ने छात्राओं को शिक्षण सामग्री की सहचयता से बच्चों को पढ़ाने के बारे में बताया. छात्राओं ने दिनों के नाम, महीनों के नाम, अंग्रेजी वर्णमाला, रंग, आकार, घड़ी, सुंदर कविताएं एवं कहानियों से अध्ययन सामग्री बनाई. प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने छात्राओं के प्रयास की सराहना आनलाइन हुई. प्राचार्य डा. अंजू सिंह कहा कि कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को रोजगारोन्मुख आवश्यक कौशल एवं संभावनाओं की जानकारी दी गई.

## अपना व्याख्यान दिया

आकांक्षा ने इमोशनल इंटेलिजेंस शीर्षक पर अपना व्याख्यान दिया. उन्होंने इमोशनल इंटेलिजेंस की अवधारणा को विस्तार से समझाया एवं बताया कि अपनी भावनाओं को समय और स्थिति के हिसाब से मैनेज करना इमोशनल इंटेलिजेंस होता है. उन्होंने बताया की इमोशनल इंटेलिजेंस आपकी अपनी भावनाओं तक पहुंचने

TLM MADE BY STUDENTS OF HOME SC. DEPT.



शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज के गृह विज्ञान विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सुंदर शिक्षण सामग्री तैयार की। असिस्टेंट प्रो. गौरी ने छात्राओं को शिक्षण सामग्री की सहायता से बच्चों को पढ़ाने के बारे में बताया। प्राचार्य डा. अंजू सिंह, भारती दीक्षित, डा. अनीता गोस्वामी भी उपस्थित रहीं। • जागरण

**NATIONAL WORKSHOP OR G. ON IPR (29.05.2023)**

## बौद्धिक संपदा अधिकार की अब और अधिक आवश्यकता : मिश्रा

मेरठ : शहीद मंगलपांडे पीजी कालेज में आफिस आफ द कंट्रोलर जनरल आफ पेटेंट, डिजाइन एंड ट्रेडमार्क और मिनिस्ट्री आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। इसमे बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, जेएनयू, सीसीएस यूनिवर्सिटी, दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी गोरखपुर, एसएनडीटी यूनिवर्सिटी मुबई, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, शोभित यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर, वैज्ञानिक एवं शोध छात्रों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स आफीसर आलोक मिश्रा ने बौद्धिक संपदा को संरक्षित करने से संबंधित कापीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, ज्योग्राफ़िकल इंडिकेशन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी यानी बौद्धिक संपदा का विषय सभी के लिए एवं विशेषकर वैज्ञानिकों और शिक्षकों के लिए अत्यधिक उपयोगी है। नई शिक्षा नीति में हर स्तर पर शोध को विशेष महत्व दिया गया है। इसलिए बौद्धिक संपदा अधिकार की अब और अधिक आवश्यकता है। डा. लता कुमार और प्राचार्य

# JUNE 2023

**BICYCLE RALLY ORG. ON 03.06.2023 (VISHWA CYCLE DAY)**

## विश्व साइकिल दिवस 'साइकिल फ़ॉर हेल्थ' थीम पर साइकिल रैली निकाली

मुजफ्फरनगर। विश्व साइकिल दिवस पर शहीद मंगल पांडे महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में 3 जून, शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। आमजन को जागरूकता का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ अंजू सिंह ने 3 जून को विश्व साइकिल दिवस पर छात्राओं को जागरूक किया , उन्हें साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। रोज साइकिल चलाने से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को फायदा होता है, इसलिए आज 'साइकिल फॉर हेल्थ' थीम पर साइकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ कुमकुम जंतु विज्ञान विभाग एवं डॉ गौरी गृह विज्ञान विभाग ने किया, इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय मॉनिटरिंग सर्वे के अनुसार भारत में लगभग 41 प्रतिशत व्यक्ति शारीरिक निष्क्रियता की श्रेणी मे है, इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से व्यायाम किया जाए।

**SAY NO TO POLYTHENE ORG. BY KRANTI RANGERS TEAM (04.06.2023)**



WhatsApp 9837037373 Date [redacted]

Say No to Polythene

# शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में पॉलिथीन को ना कहें विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए मिशन लाइफ अभियान के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.)अंजू सिंह के कुशल निर्देशन तथा रेंजर लीडर डॉक्टर अनुजा गर्ग के नेतृत्व में पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स द्वारा "पॉलिथीन को ना कहें" विषय पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रेंजर्स ने घर पर अनुपयोगी कपड़ों से उन्हें पुनः प्रयोग (Reuse) करने के उद्देश्य से कपड़े के थैले बनाए तथा उन्हें अपने आस पास के निवासियों को वितरित करके यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पॉलिथीन के बैग के प्रयोग न कर, कपड़े के बने थैलों का प्रयोग करें। रेंजर्स ने नागरिकों को समझाया कि पॉलिथीन का प्रयोग पर्यावरण के लिए बहुत नुकसानदायक है। सभी नागरिक घर पर अनुपयोगी कपड़ों से बैग बनाकर उसका इस्तेमाल कर पर्यावरण को बचा सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पर्यावरण की समस्या एक गंभीर समस्या बन चुकी है

## PLANTATION ON WORLD ENVIONMENT DAY CELEBRATION ( 05.06.2023 )



Top News जो प्लास्टिक प्रदूषण में कमी की दिशा में लोगों के कार्यों को उजागर करता है।

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस वर्ष, विश्व पर्यावरण दिवस का विषय

दिनांक 5 जून 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस वर्ष, विश्व पर्यावरण दिवस का विषय " बीटप्लास्टिक पॉल्यूशन " है, जो प्लास्टिक प्रदूषण में कमी की दिशा में लोगों के कार्यों को उजागर करता है। कार्यक्रम भारत सरकार के उपक्रम, मिशन लाइफ अभियान, ईको क्लब एवं आई आई सी के संयुक्त तत्वावधान में करवाया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ कुमकुम, डॉ एस पी एस राणा एवं डॉ गौरी रही। इस अवसर पर छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित पोस्टर बना कर जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही साथ महाविद्यालय में प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं छात्राओं, प्रकृति मित्रो द्वारा वृक्षारोपण किया गया, साथ ही साथ सजावटी फूलों को लगा कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ग्रहण की। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने कहा की हम सब के द्वारा की गई पहल हरियाली वाली दुनिया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, इसके लिए सभी पर्यावरण को हरा भरा रखने की प्राथमिकता देनी होगी, सभी छात्राओं को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर


माँ सर्वेश्वरी आयुर्वेद मन्दिर
श्री कृष्णा ज्वैलर्स
सनराईज पब्लिक स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
डा० सतीश कुमार




# शहीद मंगल पांडेय कालेज में हुआ पौधारोपण

मेरठ। शहीद मंगल पांडेय राजकीय महिला महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पोस्टर की श्रंखला बनाई एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय की छात्राओं का एवं शिक्षिकाओं ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करके विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब एवं आईआईसी संयुक्त के तत्वावधान में किया गया। प्राचार्य डॉ अंजू सिंह, डॉ सत्यपाल सिंह राणा, डॉ कुमकुम एवं डॉ गौरी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय में फूलदार वृक्ष लगाए गए जिससे स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण का संदेश दिया गया।

## YOGA DAY CELEBRATION ON 26.06.2023

Back 22 Jun 23 Shah Bulletin...

# योग सत्र का आयोजन कर योग दिवस को उल्लास पूर्ण तरीके से मनाया गया



आज दि. 21 जून, 2023 को शहीद मंगल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में योग सत्र का आयोजन कर योग दिवस को उल्लास पूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह जी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी व छात्राओं को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग मात्र एक व्यायाम नहीं है वह जीवन जीने की एक पद्धति है जिसे यदि हम अपने जीवन में आत्मसात कर सकने में सफल हो पाते हैं जीवन के लक्ष्य के बहुत करीब पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक व एनसीसी अधिकारी लैफ्टिनेंट (प्रो.) लता कुमार ने समस्त उपस्थित स्वयं सेविकाओं को योग के द्वारा स्वास्थ्य लाभ कैसे लिया जाए और जीवन को आनंदमई कैसे बनाया जाए इस इस विषय में बताया और योगाभ्यास किया। वहीं डॉ. सत्यपाल राणा जी ने छात्राओं को आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। प्रोफेसर मोनिका चौधरी ने छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम भंडारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व शिक्षणेतर कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही। वहीं महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, मेरठ में आयोजित मेगा योग शिविर में सहभागिता की।

## 3 DAYS PDP ORGANISED FROM 28.06.2023 TO 30.06.2023 (TOPIC: BASICS OF NPS)

# गैर शिक्षक वर्ग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

दिनकर टाइम्स न्यूज

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय, माधवपुरम के द्वारा आज से 30 जून तक चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के सहयोग से तीन दिवसीय प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम गैर शिक्षण वर्ग के लिए आयोजित किया जा रहा है।

इस ऑनलाइन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संबद्ध एडमिनिस्ट्रेटिव एवं ऑफिस स्टाफ-वरिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ लिपिक, लैब असिस्टेंट आदि ने प्रतिभाग किया। पूरे प्रदेश में यह नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए आयोजित प्रथम एवं अनूठा कार्यक्रम रहा।



महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों के विकास के साथ-साथ महाविद्यालय का दूसरा स्तंभ जोकि ऑफिस स्टाफ है उसका विकास भी अत्यधिक आवश्यक है। इसी का ध्यान रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर महाविद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षिका चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ संगीता शुक्ला रही। विशिष्ट अतिथि श्री धीरेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी एवं प्रोफेसर डॉ मृदुल कुमार गुप्ता, डीन, फैकल्टी ऑफ साइंस, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह के द्वारा प्रथम दिवस के सभी सत्र की सफलता हेतु सभी को बधाई दी गई।

उन्होंने कहा कि शिक्षण वर्ग के साथ-साथ गैर शिक्षण वर्ग के प्रशिक्षण एवं विकास पर ध्यान देने की अत्यधिक आवश्यकता है इस हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए।

# गैरशैक्षणिक वर्ग का विकास भी है जरूरी

जागरण संवाददाता, मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सहयोग से बुधवार को तीन दिवसीय प्रोफेशनल डवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। आनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के गैर शैक्षणिक स्टाफ ने भाग लिया।

महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों के विकास के साथ-साथ महाविद्यालय का दूसरा स्तंभ गैर शैक्षणिक स्टाफ है। इसका विकास भी आवश्यक है। इसी के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम सत्र में प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता ने अवकाश नियमों से अवगत करवाया। दूसरे सत्र में डा. संजय कुमार ने स्टाफ को कार्यालय फाइलिंग की प्रक्रिया एवं आरटीआइ की जानकारी दी। तीसरे सत्र में डा. संजय दिवाकर ने क्रय नियमों एवं आडिट प्रक्रिया के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह कहा कि शैक्षणिक वर्ग के साथ-साथ गैर शैक्षणिक वर्ग के प्रशिक्षण एवं विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**आयोजन** नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# प्रोफेशनल डवलपमेंट के अहम टिप्स दिए

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



**शहीद मंगल पांडे गर्ल्स कॉलेज द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का हो रहा आयोजन**

meerut@inext.co.in

**MEERUT (29 June):** शहीद मंगल पांडे गर्ल्स कॉलेज द्वारा तीन दिवसीय नॉन टीचिंग क्लास के लिए प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इस ऑनलाइन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न यूनिवर्सिटीज एवं कॉलेजों से संबद्ध एडमिनिस्ट्रेटिव एवं ऑफिस स्टाफ जैसे वरिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ लिपिक, लैब असिस्टेंट आदि ने प्रतिभाग किया. सभी को उनकी पर्सनेलिटी को लेकर व विभिन्न प्रोफेशनल डेवलपमेंट के टिप्स दिए गए.

## स्टाफ को दी जानकारी

इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक एवं छात्रों के विकास के साथ-साथ ही ऑफिस स्टाफ है उसका विकास भी अत्यधिक आवश्यक है. इसी का ध्यान रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर कॉलेज द्वारा किया गया. कार्यक्रम में मुख्य संरक्षिका सीसीएसयू की वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. संगीता शुक्ला रही. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार, डीन फैकल्टी ऑफ साइंस प्रोफेसर डॉ. मृदुल कुमार गुप्ता का सहयोग रहा. कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के नेक कोऑर्डिनेटर डॉ.एसपीएस राणा, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. लता कुमार, डॉ. भारती शर्मा एवं डॉक्टर गौरी गोयल के द्वारा किया गया. इस एडमिनिस्ट्रेटिव स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कार्यालय प्रबंधन एवं नवीन प्रणाली से अवगत कराया गया.

### छुट्टी के नियम बताए

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रोफेसर डॉ. मृदुल कुमार गुप्ता के द्वारा अवकाश नियमों से अवगत कराया गया. द्वितीय सत्र में डॉ. संजय कुमार के द्वारा ऑफिस फाइलिंग की प्रक्रिया एवं आरटीआई के महत्व पर प्रकाश डाला गया. तृतीय सत्र में संयुक्त निदेशक, रूसा, उत्तर प्रदेश डॉ. संजय दिवाकर के द्वारा क्रय नियमों एवं ऑडिट प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. अनीता गोस्वामी एवं डॉ. विकास कुमार का विशेष सहयोग रहा.

### ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए

प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह के द्वारा प्रथम दिवस के सभी सत्र की सफलता हेतु सभी को बधाई दी गई. उन्होंने कहा कि शिक्षण वर्ग के साथ-साथ गैर शिक्षण वर्ग के प्रशिक्षण एवं विकास पर ध्यान देने की अत्यधिक आवश्यकता है. इसके लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए.